Minnesota Department of Education

भाग B प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के लिए नोटिस
पब्लिक स्कूलों के लिए अभिभावकों के अधिकार
विशेष शिक्षा के विद्यार्थी

इस दस्तावेज़ में निहित विषय-वस्तु का उद्देश्य राज्य और संघीय कानून के अंतर्गत 3 वर्ष से लेकर 21 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों को विशेष शिक्षा अधिकार और प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के विषय में सामान्य जानकारी उपलब्ध करवाना है। यह दस्तावेज़ चुने गए कुछ अधिकारों और प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों, जो कि अभिभावकों को विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) के अंतर्गत उपलब्ध करवाए जाते हैं, 34 C.F.R भाग 300 पर लागू किए जाने वाले विनियम और लागू मिनेसोटा कानून व विनियम; यह उन अधिकारों की एक पूर्ण सूची या स्पष्टीकरण नहीं है। यह नोटिस लाइसेंस प्राप्त अटॉर्नी के साथ विशिष्ट कानूनी दशा पर परामर्श करने का विकल्प नहीं है। इस दस्तावेज़ का लक्ष्य मान्य राज्य और संघीय कानून के पूर्ण प्रतिपादन को शामिल करना नहीं है, और इस दस्तावेज़ के जारी होने के बाद कानून बदला जा सकता है।

परिचय

यह दस्तावेज़ अभिभावकों को विशेष शिक्षा के अधिकार उपलब्ध करवाता है जिन्हें कभी-कभी प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय कहते हैं। ये वही प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय हैं जो कि 18 वर्ष की आयु वाले विकलांग विद्यार्थियों को प्राप्त हैं।

प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का नोटिस आपको प्रत्येक वर्ष एक बार अवश्य दिया जाना चाहिए। यह आपको तब भी दिया जाना चाहिए, जबः

1. पहली बार आपके बच्चे को विशिष्ट शिक्षा आकलन के लिए संदर्भित किया जाता है या आप आकलन के लिए अनुरोध करते हैं;

2. पहली बार आप एक स्कूल वर्ष में मिनेसोटा शिक्षा विभाग (MDE) के पास शिकायत दर्ज करवाते हैं;

3. पहली बार आप या जिला एक स्कूल वर्ष में कारण प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध करते हैं;

4. उस तिथि पर जिला आपके विद्यार्थी की नियुक्ति को विद्यालय में जिला अनुशासन नीति के उल्लंघन के कारण विद्यालय से हटाने का निर्णय करता है; अथवा

5. आपके अनुरोध पर।

पूर्व लिखित नोटिस

- प्रत्येक बार जब जिला इसकी शुरुआत या इसमें परिवर्तन प्रस्तावित करता है अथवा इसकी शुरुआत करने या इसमें परिवर्तन करने से मना करता है, तो उसे आपको पूर्व लिखित नोटिस अवश्य उपलब्ध करवाना चाहिएः आपके बच्चे की पहचान करना;

- आपके बच्चे की शैक्षिक नियुक्ति और मूल्यांकन;

- आपके बच्चे की निःशुल्क उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) का प्रावधान; अथवा
- जब आप लिखित रूप में अपने बच्चे के लिए सेवाएं, जिले द्वारा उपलब्ध करवाई गई विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं समाप्त करने से पहले वापस लेते हैं।

लिखित नोटिस में निम्नलिखित अवश्य शामिल होने चाहिए:

1. जिला द्वारा प्रस्तावित या मना की गई कार्यवाही का विवरण;
2. जिला द्वारा कार्यवाही करने से मना करने के प्रस्ताव के कारण का स्पष्टीकरण;
3. जिला द्वारा प्रयुक्त प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, आकलन, रिकॉर्ड, या रिपोर्ट जिसे जिला अपने प्रस्ताव या अस्वीकरण का आधार बनाता है;
4. विकलांग बच्चे के अभिभावक के रूप में एक कथन कि इन प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के अंतर्गत आपको संरक्षण प्राप्त है और इसकी सूचना कि आप किस प्रकार इन प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के वर्णन की विवरणिका की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं;
5. इन प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को समझने हेतु सहायता प्राप्त करने के लिए संपर्क करने के आपके स्त्रोत;
6. IEP टीम द्वारा विचार किए गए अन्य विकल्पों का विवरण और वे विकल्प क्यों नामंज़ूर कर दिए गए; और
7. जिले के प्रस्ताव या नामंज़ूरी के अन्य प्रासंगिक कारणों से संबंधित विवरण।

संघीय आवश्यकताओं के अतिरिक्त, पूर्व लिखित नोटिस द्वारा आपको यह सूचित किया जाना चाहिए कि *विशेष शिक्षा में आपके बच्चे की प्रारंभिक नियुक्ति के सिवाय,* स्कूल जिला आपके बच्चे की नियुक्ति के प्रस्ताव सहित अग्रसर होगा, बशर्ते कि आप जिले द्वारा आपको भेजे गए पूर्व लिखित नोटिस के 14 दिनों के भीतर उसे आपत्ति का नोटिस नहीं दे देते हैं। जिले को आपको IEP की प्रस्तावित प्रतिलिपि तब उपलब्ध करवानी चाहिए जब जिला IEP की विषय-वस्तु में परिवर्तन करने का प्रस्ताव प्रारंभ करता है या इसे परिवर्तित करता है।

पूर्व लिखित नोटिस में यह अवश्य कथित होना चाहिए कि यदि आप प्रस्ताव या इंकार पर आपत्ति करते हैं तो आपके पास सुलह सम्मेलन का अवसर अवश्य होना चाहिए, और स्कूल जिले को आपको वैकल्पिक विवाद संकल्प प्रक्रिया की सूचना अवश्य देनी चाहिए, जिसमें मध्यस्थता और सुविधाजनक IEP टीम की बैठकें, मिनेसोटा अधिनियम, अनुच्छेद 125A.091, उपविभागों 7-9 के अंतर्गत, शामिल हों।

अधिक जानकारी के लिए

यदि आपको अपने बच्चे की शिक्षा के विषय में प्रक्रियात्मक अधिकारों को समझने में सहायता की आवश्यकता हो तो कृपया अपने जिले के विशेष शिक्षा निदेशक या नीचे सूचीबद्ध व्यक्ति से संपर्क करें। यह नोटिस आपको अपनी मूल भाषा या अन्य संचार माध्यम, जिसका आप प्रयोग कर रहे हों, में प्रदान की जानी चाहिए। यदि आपका संचार माध्यम लिखित भाषा नहीं है, तो जिले को इस नोटिस का अनुवाद मौखिक रूप से या अन्य विधियों से करवाने के लिए अवश्य कदम उठाने चाहिए। जिले को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप नोटिस की विषय-वस्तु को समझते हैं और इसका लिखित साक्ष्य रखना चाहिए कि यह नोटिस आपको संचार की समझ आने वाली विधि में उपलब्ध करवाया गया था और आप इस नोटिस की विषय-वस्तु को समझ गए हैं।

यदि आपका कोई प्रश्न है या आप और अधिक जानकारी पाना चाहते हैं तो कृपया संपर्क करेः

नामः_____

फोनः_____

अधिक जानकारी के लिए, आप निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी एक से संपर्क कर सकते हैः

ARC मिनेसोटा (विकासात्मक विकलांगता वाले व्यक्तियों की वकालत के लिए)
www.thearcofminnesota.org
651-523-0823
1-800-582-5256

मिनेसोटा एसोसिएशन फॉर चिल्ड्रेन्स मेंटल हेल्थ (Minnesota Association for Children's Mental Health)
www.macmh.org
651-644-7333
1-800-528-4511

मिनेसोटा डिसेबलिटी लॉ सेंटर (Minnesota Disability Law Center)
www.mndlc.org
612-334-5970 (Twin Cities Metro)
1-800-292-4150 (Greater Minnesota)
612-332-4668 (TTY)

पैरेंट एडवोकेसी कोएलिशन फॉर एजुकेशनल राइट्स (PACER)
www.pacer.org
952-838-9000
1-800-53-PACER,
952-838-0190 (TTY)

मिनेसोटा डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन (Minnesota Department of Education)
www.education.state.mn.us
651-582-8689
651-582-8201 (TTY)

इलेक्ट्रॉनिक मेल

यदि आपका स्कूल जिला अभिभावकों को नोटिस ईमेल द्वारा प्राप्त करने का विकल्प देता है, तो आप अपने पूर्व लिखित नोटिस, प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय नोटिस या कारण प्रक्रिया शिकायत ईमेल द्वारा प्राप्त करने के लिए चुन सकते हैं।

अभिभावकों की सहमति

सहमति की परिभाषा

सहमति का अर्थ है कि आपको इस प्रक्रिया की पूरी जानकारी आपकी मूल भाषा में या संचार के अन्य माध्यम से दे दी गई है जिसे आपने सहमति के लिए चुना है। सहमति देने के लिए आपको जिस प्रक्रिया के लिए सहमति मांगी गई है उसे समझना और लिखित रूप से मानना चाहिए। इस लिखित सहमति में यह भी सूचीबद्ध होना चाहिए कि क्या कोई रिकॉर्ड जारी किए जाएंगे और किसे जारी किए जाएंगे।

सहमति वापस लेना

सहमति स्वैच्छिक है और इसे किसी भी समय लिखित रूप में वापस लिया जा सकता है। यद्यपि, सहमति की वापसी पूर्वव्यापी नहीं है; अर्थात सहमति की वापसी का अर्थ उस क्रिया को नकारना नहीं जो दी गई सहमति के बाद और सहमति वापस लेने से पहले घटित हुई हो।

जिले को आपकी सहमति कब लेनी चाहिए

A. प्रारंभिक मूल्यांकन

जिले को आपके बच्चे का प्रारंभिक मूल्यांकन से पहले आपकी लिखित और सूचित सहमति लेनी चाहिए। आप या जिला प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए अनुरोध की पहल कर सकते हैं। यदि आप सहमति के अनुरोध का प्रत्युत्तर नहीं देते हैं या प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए सहमति उपलबध करवाने से इंकार कर देते हैं, तो जिला आपकी सहमति उपलब्ध करवाने के इंकार को ठुकरा नहीं सकता। एक प्रारंभिक मूल्यांकन का संचालन आपकी मूल्यांकन को संचालित करने की अनुमति जिले द्वारा प्राप्त करने की तिथि से 30 स्कूल दिवसों के भीतर किया जाएगा, बशर्ते कि एक सुलह सम्मेलन या सुनवाई का अनुरोध किया जाता है।

यदि आप सहमति देने से इंकार कर देते हैं या प्रारंभिक मूल्यांकन के लिए अनुरोध की प्रतिक्रिया देने में विफल रहते हैं, तो जिला बच्चे के दायित्व को ढूढंने या मूल्यांकन और पुनः मूल्यांकनों को संचालित करने के दायित्वों का दोषी नहीं पाया जायेगा।

यदि आप प्रारंभिक मूल्यांकन की सहमति देते हैं, तो इस सहमति का अर्थ विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के लिए सहमति के रूप में नहीं लगाया जा सकता।

B. प्रारंभिक नियुक्ति और विशेष शिक्षा सेवाओं व संबंधित सेवाएं का प्रावधान

एक विशेष शिक्षा कार्यक्रम में आपके बच्चे की प्रारंभिक नियुक्ति और विशेष शिक्षा सेवाओं एवं संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के साथ आगे बढ़ने से पहले बच्चे की विकलांगता को निर्धारित करना होगा और जिले को आपकी एक लिखित सहमति प्राप्त होनी चाहिए।

यदि आप सहमति अनुरोध का प्रत्युत्तर नहीं देते हैं, या आप अपने बच्चे के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान की सहमति को मना कर देते हैं तो जिला आपके लिखित इंकार का उल्लंघन नहीं करेगा।

यदि आप विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान की सहमति नहीं देते हैं, या आप विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान की सहमति पर प्रतिक्रिया नहीं दे पाते हैं तो आपके सहमति अनुरोध पर आपके बच्चे को प्रदान की जाने वाली विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के उल्लंघन में जिले को विफल नहीं माना जाएगा।

C. पुनर्मूल्यांकन

आपकी सहमति जिले द्वारा पुनर्मूल्यांकन के आयोजन से पहले प्राप्त होनी चाहिए। अगर आपने पुनर्मूल्यांकन के लिए सहमति देने से मना कर दिया, तो जिला आपके लिखित इंकार का उल्लघंन नहीं करेगा। मूल्यांकन का संचालन करने के लिए जिले द्वारा आपसे प्राप्त अनुमति तिथि से एक पुनर्मूल्यांकन का आयोजन 30 स्कूली दिनों के भीतर किया जाएगा या कैलेंडर के 14 दिन समय अवधि की समाप्ति से 30 दिनों के भीतर, जिसके दौरान जिले के प्रस्तावित कार्रवाई पर आप आपत्ति कर सकते हैं।

D. परिवर्तन सेवाएं

भाग लेने वाली एजेंसियों के अधिकारी जो कि परिवर्तन सेवाएं प्रदान करते हैं या उनके लिए भुगतान करते हैं, उन्हें व्यक्तिगत पहचान की जानकारी उपलब्ध कराने से पहले आपसे सहमति लेना आवश्यक है।

आपकी सहमति की आवश्यकता कब नहीं है

एक प्रारंभिक मूल्यांकन और विशेष शिक्षा तथा संबंधित सेवाओं की प्रारंभिक नियुक्ति और प्रावधान के लिए, जब जिला आपको प्रस्ताव का नोटिस भेजता है और आप जिला प्रस्ताव पर 14 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति के लिए सूचित नहीं करते हैं, तो जिला प्रस्ताव बिना आपकी सहमति के प्रस्तावित कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, एक मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन के भाग के रूप में आपके बच्चे की शैक्षणिक फ़ाइल में मौजूदा डेटा की समीक्षा के लिए जिले को आपकी सहमति की आवश्यकता नहीं है।

जिले को आपकी सहमति की आवश्यकता सभी बच्चों को दिये गए प्रशिक्षण के व्यवास्थापन या अन्य मूल्यांकन के लिए भी नहीं है, जब तक की सभी बच्चों के अभिभावकों की सहमति आवश्यक न हो।

माता-पिता को इंकार करने तथा समझौता सम्मेलन करने का अधिकार है

जिले के पूर्व लिखित नोटिस के 14 कैलेंडर दिनों के भीतर जिले के किसी भी कारवाई के प्रस्ताव पर आपको आपत्ति जताने का अधिकार है। अगर आप जिले के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हैं, तो आपको समझौता सम्मेलन, मध्यस्थता, सुगम IEP टीम मीटिंग और कारण प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने का अधिकार है। 10 कैलेंडर दिनों के भीतर जिले के प्रस्ताव पर आपकी आपत्ति की सूचना या जिले के पूर्व लिखित नोटिस पर आपके इंकार करने पर, जिला एक समझौता सम्मेलन में आपसे भाग लेने को कहेगा।

मिनेसोटा अधिनियम के तहत प्रदान, अनुच्छेद 125A.091 के अलावा, समझौता सम्मेलन के दौरान आयोजित सभी चर्चाएं गोपनीय हैं और नियत प्रक्रिया की सुनवाई में स्वीकार्य नहीं हैं। अंतिम समझौता सम्मेलन के 5 दिनों के भीतर, जिले को समझौता सम्मेलन ज्ञापन-पत्र तैयार करके प्रदान करना होगा जो कि जिला सेवा के अंतिम प्रस्तावित प्रस्ताव का वर्णन करेगा। यह ज्ञापन-पत्र किसी भी कार्यवाही में एक प्रामाणिक साक्ष्य के रूप में मान्य होगा।

आप तथा जिला अपनी असहमति को सुलझाने के लिए मध्यस्थता या सुगम्य व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (IEP) बैठक में उपयोग करने के लिए सहमत हो सकते हैं। आप या जिला कारण प्रक्रिया सुनवाई का भी अनुरोध कर सकते हैं (इस दस्तावेज़ में निष्पक्ष कारण प्रक्रिया सुनवाई से संबंधित अनुच्छेद देखें)। कारण प्रक्रिया सुनवाई की कार्यवाही के दौरान जिले को आपके बच्चे को उचित शिक्षा प्रदान करते रहना होगा।

गोपनीयता और व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी में एक विद्यार्थी का नाम, विद्यार्थी के माता-पिता या अन्य परिवार के सदस्यों का नाम, विद्यार्थी या विद्यार्थी के परिवार का पता, एक व्यक्तिगत पहचानकर्ता, जैसे कि विद्यार्थी की सामाजिक सुरक्षा संख्या, विद्यार्थी संख्या, या बायोमीट्रिक रिकॉर्ड, अन्य अप्रत्यक्ष पहचानकर्ता, जैसे कि विद्यार्थी की जन्मतिथि, जन्मस्थान, मां का प्रथम

नाम, अन्य जानकारी शामिल है जो कि अकेले या संयोजन में, एक विशिष्ट विद्यार्थी के साथ जुड़ी हो या जोड़ी जा सकती हो जो कि स्कूल समुदाय के एक उचित व्यक्ति को अनुमति देगा, जिनको प्रासंगिक परिस्थितियों के बारे में व्यक्तिगत ज्ञान नहीं है, उचित निश्चितता के साथ विद्यार्थी की पहचान करने की, या शिक्षा एजेंसी या संस्था को ऐसा विश्वास है कि एक व्यक्ति द्वारा मांगी गई जानकारी शिक्षा रिकॉर्ड से संबंधित है और वह विद्यार्थी को जानती है, पर यहीं तक सीमित नहीं है।

जिले और MDE को व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य डेटा, जानकारी, और रिकॉर्ड की गोपनीयता की रक्षा करनी ही होगी जिसे वे इकट्ठा करते, बनाए रखते, अस्वीकृत करते, तथा नष्ट करते हैं।

सामान्यतः, जिला आपके बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड की व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को आपकी सहमति के बिना किसी को प्रकट नहीं करता है यदि यह एकत्रित प्रतिभागी एजेंसियों का अधिकारी ना हो या जानकारी वैयक्तिक विकलांग शिक्षा अधिनियम (IDEA) के तहत या कानून की आवश्यकता को पूरा करने के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए ना ली जा रही हो।

व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी साझा करने के लिए कब आपकी सहमति आवश्यक नहीं है। शिक्षा रिकॉर्ड में निहित व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी IDEA जरूरतों को पूरा करने के लिए जिले के एक स्कूल या शिक्षा के राज्य विभाग के अधिकारियों के लिए जारी करने से पहले आपकी सहमति, या एक पात्र विद्यार्थी (उम्र 18 या बड़े) की सहमति की आवश्यकता नहीं है।

यदि आपका बच्चा किसी और जिले के स्कूल, संस्थान और स्कूल में भाग लेना या भर्ती होना चाहता है तो आपके बच्चे की शिक्षा रिकॉर्ड सहित अनुशासनात्मक रिकॉर्ड, को अन्य स्कूल, जिला, या माध्यमिक के बाद के संस्था को आपकी सहमति के बिना स्थानांतरित किया जा सकता है।

आपकी सहमति के बिना किए गए खुलासे परिवार शैक्षणिक अधिकार और गोपनीयता अधिनियम (FERPA) के तहत अधिकृत किए जाने चाहिए। कृपया संघीय कानून के तहत डेटा गोपनीयता से संबंधित सहमति आवश्यकताओं पर अतिरिक्त जानकारी के लिए 34 C.F.R. का भाग 99 देखें।

निर्देशिका जानकारी

निर्देशिका जानकारी को आपकी सहमति के बिना साझा किया जा सकता है। इस प्रकार की जानकारी आपके बच्चे की शिक्षा रिकॉर्ड में निहित डेटा है जिसको आमतौर पर हानिकारक या गोपनीयता के खुलासे को साधारणतः आक्रमण नहीं मानते हैं।

निर्देशिका जानकारी में एक विद्यार्थी का पता, टेलीफोन नंबर, ईमेल पता, जन्मतिथि और जन्मस्थान, अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र, ग्रेड स्तर, नामांकन की स्थिति, उपस्थिति की तारीख, सरकारी गतिविधियों व खेल में सहभागिता, एथलेटिक टीम के सदस्यों का वजन व लम्बाई, डिग्री, सम्मान और प्राप्त पुरस्कार, सबसे हाल ही में शिक्षा एजेंसी या संस्था में भाग लिया, और एक विद्यार्थी ID संख्या, उपयोगकर्ता ID, या अन्य विशिष्ट व्यक्तिगत पहचानकर्ता शामिल होते हैं, जिनका उपयोग कुछ विशिष्ट मापदंडों की पूर्ति होने पर उस तक पहुंचने या इलेक्ट्रॉनिक रूप से संवाद स्थापित करने के लिए किया जाता है, लेकिन ये यहीं तक सीमित नहीं हैं। निर्देशिका जानकारी में विद्यार्थी की सामाजिक सुरक्षा संख्या या विद्यार्थी ID संख्या शामिल नहीं होती है, जिसका उपयोग संघीय क़ानून के प्रावधानों के अंतर्गत उस तक पहुंचने या इलेक्ट्रॉनिक रूप से संवाद स्थापित करने के लिए नहीं किया जाता।

निर्देशिका जानकारी के रूप में अपने बच्चे के बारे में किसी भी या सभी डेटा को अभिनिहित करने से मना करने के लिए जिले को आपको विकल्प देना होगा। यह सूचना आपको या योग्य विद्यार्थी को यथोचित तरह से दी जा सकती है। अगर आप निर्देशिका जानकारी के रूप में उपरोक्त जानकारी को जारी करने से मना नहीं करते हैं, तो इस जानकारी को सार्वजनिक डेटा माना लिया जाएगा और आपकी सहमति के बिना इसे साझा किया जा सकता है।

आपका डेटा (मतलब माता-पिता) एक निजी डेटा है लेकिन इस जानकारी को निर्देशिका जानकारी के रूप में माना जाएगा, अगर जिला उसी प्रक्रिया के प्रयोग से अभिनिहित विद्यार्थी की जानकारी को निर्देशिका जानकारी में अनुसरित करता है।

IEP स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए तीसरे पक्ष के बिलिंग से संबंधित लिखित वार्षिक नोटिस

मिनेसोटा केयर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए पहली बार या हर साल की बिलिंग चिकित्सा सहायता से पहले, जिले को लिखित में आपको सूचित करना होगाः

1. अगर आपका बच्चा चिकित्सा सहायता या मिनेसोटाकेयर (MinnesotaCare) से कवर है या उन सेवाओं के लिए बिल चिकित्सा सहायता या मिनेसोटाकेयर को भेजा गया है तो जिला आपके बच्चे और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं से संबंधित डेटा को आपके बच्चे के IEP को मिनेसोटा विभाग के मानव सेवा से साझा करेगा।

2. बिलिंग चिकित्सा सहायता या मिनेसोटाकेयर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए पहली बार, जिले को आपसे सहमति प्राप्त करना होगा, व्यक्तिगत पहचान वाली को निर्दिष्ट जानकारी सहित बताया जा सकता है (उदाहरण के लिए, रिकॉर्ड या प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी), प्रकट करने की वजह, वह एजेंसी जिससे साझा किया जाएगा (उदाहरण के लिए, मानव सेवा विभाग) आप समझते हैं और सहमत हैं कि जिला स्कूल आपकी (अथवा आपके बच्चे की) जानकारी को सार्वजनिक लाभ या स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के भुगतान के लिए साझा कर सकता है।

3. जिला चिकित्सा सेवा या मिनेसोटाकेयर स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए भुगतान आपके बच्चे के IEP पर करेंगे।

4. जिला आपके बच्चे की विशेष शिक्षा सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको चिकित्सा सहायता या मिनेसोटाकेयर या अन्य बीमा कार्यक्रम में साइन अप या नामांकित होना आवश्यक नहीं मानता है।

5. जिला आपके लिए जेब से बाहर का खर्च उठाना आवश्यक नहीं मानता, जैसे कि एक कटौती योग्य का भुगतान के रूप में या प्रदान की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दावा दाखिल करने में सह भुगतान राशि खर्च, लेकिन आपको अन्य प्रकार के खर्च के लिए भुगतान करना होगा।

6. जिला चिकित्सा सहायता या मिनेसोटाकेयर के तहत आपके बच्चे के लाभ का उपयोग नहीं कर सकता, यदि उस उपयोग के कारण यह होता हैः उपलब्ध जीवनकाल कवरेज या किसी भी अन्य बीमाकृत लाभ में कमी; परिणामस्वरूप आपके परिवार को उन परिणाम सेवाओं के लिए भुगतान करना पड़ेगा जो कि अन्य रूप से जनलाभ के द्वारा या बीमा कार्यक्रम द्वारा किया गया है और आपके बच्चे को उसकी आवश्यकता तब है जब वह स्कूल के समय बाहर है; आपके प्रीमियम में वृद्धि लाभ या बीमा के विराम को जन्म देता है; या, घर और समुदाय आधारित छूट के लिए पात्रता में आपके नुकसान का जोखिम, समुच्चय स्वास्थ्य से संबंधित व्यय पर आधारित है।

7. आपको जिले द्वारा किसी तीसरे पक्ष के साथ साझा किए गए शिक्षा रिकॉर्ड की प्रति मांगने का अधिकार है जब आप IEP स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए प्रतिपूर्ति की मांग कर रहे हों।

आपको किसी भी समय मानव सेवा विभाग सहित तीसरे पक्ष के समक्ष अपने बच्चे के शिक्षा के रिकॉर्डों के प्रकटीकरण की अपनी सहमति को रोकने का अधिकार है। यदि आप अपनी सहमति रोकते हैं, तो तीसरे पक्ष की IEP स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बिल के भुगतान के लिए जिला आपके बच्चे के शिक्षा के रिकॉर्ड को साझा नहीं करेगा। आप किसी भी समय अपनी सहमति वापस ले सकते हैं, और आपके बच्चे के IEP सेवाएं नहीं बदलेंगे या बंद होंगे।

स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन

एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन (IEE) योग्य व्यक्ति(यों) द्वारा का एक मूल्यांकन है जो आपके जिले के कर्मचारी नहीं हैं। यदि आप जिले के मूल्यांकन से सहमत नहीं हैं, तो आप स्कूल जिले के खर्च पर एक IEE की मांग कर सकते हैं। एक सुनवाई अधिकारी भी कारण प्रक्रिया की सुनवाई के दौरान जिला स्कूल के खर्च पर आपके बच्चे के लिए एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन का आदेश दे सकता है।

एक IEE के अनुरोध पर, जिले को आपको एक स्वतंत्र परीक्षक के चयन के अपने मानदंड के बारे में और जहां से एक स्वतंत्र शिक्षा मूल्यांकन प्राप्त किया जा सकता है, उसके बारे में जानकारी देनी होगी।

अगर आप एक IEE का अनुरोध करते हैं, तो जिले को, बिना देरी के, यह सुनिश्चित करना होगा कि यह जन समान्य के खर्च पर उपलब्ध कराया जाएगा, या इसके मूल्यांकन के औचित्य का निर्धारण करने के लिए एक सुनवाई का अनुरोध करना होगा। यदि जिला सुनवाई के लिए चला जाता है और सुनवाई अधिकारी निर्धारित करता है कि जिले का मूल्यांकन उचित है, तब भी आपको यह अधिकार है कि आप एक स्वतंत्र मूल्यांकन कर सकते हैं, लेकिन वह जन समान्य के खर्च पर नहीं होगा।

यदि आपको एक IEE मिलता है, तो मूल्यांकन के परिणाम का विचार IEP/IIIP (इंडिविजुअल इंट्राजेंसी इंटरवेंशन प्लान) की टीम के द्वारा किया जाना चाहिए और उसे आपके बच्चे के बारे में एक कारण प्रक्रिया की सुनवाई में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

शिक्षा रिकॉर्ड

शिक्षा रिकॉर्ड की परिभाषा

संघीय कानून के तहत शिक्षा रिकॉर्ड का मतलब उन रिकॉर्ड से है जो विद्यार्थी से सीधे जुड़े हुए हैं और जिनको विभाग या जिला द्वारा रखा जाता है।

रिकॉर्ड तक आपकी पहुंच

अगर आप अपने बच्चे के शिक्षा के रिकॉर्ड को देखना चाहते हैं, तो जिले को आपकी समीक्षा के लिए उन रिकॉर्ड तक पहुंच देनी होगी। आपके बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड में अधिकतर जानकरी स्कूल द्वारा दी गई होती है। यद्यपि, बच्चे के शिक्षक द्वारा जानकारी अपने उपयोग के लिए होती है जिसे उसके या उसके शिक्षण उपयोग के लिए शिक्षा के रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया जाएगा।

IEP के बारे में किसी भी बैठक, या आपके बच्चे के बारे में सुनवाई या संकल्प सत्र से पहले, जिले को अनावश्यक देरी के बिना आपको रिकॉर्ड की समीक्षा करने की अनुमति देनी होगी। इसके अलावा, जिले को तत्काल आपके बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड की समीक्षा करने के लिए आपके अनुरोध के साथ अनुपालन करना होगा, यदि सम्भव हो, या अनुरोध की तारीख (शनिवार, रविवार और वैधानिक छुट्टियों को छोड़कर) के 10 दिनों के भीतर, यदि तात्कालिक अनुपालन संभव नहीं है।

आपके रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने के अधिकार में निम्न अधिकार शामिल हैः

1. अनुरोध करने पर आपके बच्चे के रिकॉर्ड पर जिले से स्पष्टीकरण या व्याख्या का;

2. आपकी ओर से आपके प्रतिनिधि को रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने का;

3. जिले से अनुरोध करने का कि वह आपके बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड की प्रतियां उपलब्ध कराएं; और,

4. राज्य के कानून के अनुसार आप जब चाहें, तब अपने बच्चे के रिकॉर्ड की समीक्षा कर सकते हैं। राज्य कानून आपको निजी डेटा दिखाए जाने की सुविधा और इसके अर्थ के बारे में बताए जाने की सुविधा प्रदान करता है, बशर्ते कि उस डेटा को आप 6 महीने की अवधि के लिए प्रकट नहीं कर सकते हैं या उस पर कोई विवाद या कार्रवाई लंबित है या नई जानकारी बनाना या एकत्र किया जाना बाकी है।

अधिकारों का हस्तांतरण

आपके बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड तक पहुंच के बारे में आपके अधिकार आमतौर पर 18 साल की उम्र में आपके बच्चे को हस्तांतरित कर दिया जाता है। अधिकार के इस हस्तांतरण के बारे में आपको और आपके बच्चे को सूचित किया जाना चाहिए।

एक से अधिक बच्चे पर रिकॉर्ड

यदि किसी भी शिक्षा के रिकॉर्ड में एक से अधिक बच्चे के बारे में जानकारी शामिल होती है, तो आपको केवल अपने बच्चे के संबंध में जानकारी का निरीक्षण और समीक्षा करने का अधिकार होगा। आप अपने खुद के बच्चे के अलावा अन्य बच्चों के बारे में जानकारी और शिक्षा रिकॉर्ड की समीक्षा और निरीक्षण करने के लिए सहमति प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन उन बच्चों के उनके माता-पिता को सहमति के अनुरोध को मना करने का अधिकार है।

सूचना के प्रकारों एवं स्थानों की सूची

आपके अनुरोध पर, जिले और विभाग को उनके द्वारा इकट्ठा किए शिक्षा रिकॉर्डों के प्रकार और स्थानों की एक सूची प्रदान करनी होगी, जिनको वह बनाए रखते हैं या उपयोग करते हैं।

दूसरों के द्वारा रिकॉर्ड की पहुंच

जिले को आपके बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड में उस रिकॉर्ड तक पहुंच के प्रत्येक अनुरोध का, और व्यक्तिगत जानकारी के प्रत्येक प्रकटीकरण का रिकॉर्ड रखना होगा। इस रिकॉर्ड तक पहुंच अनुरोध किए गए व्यक्ति का नाम शामिल होना चाहिए, या आपके बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड से व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करना होगा, जिस तारीख में पहुंच हो या प्रकटीकरण के उद्देश्य हो, या जानकारी में व्यक्ति की न्यायसंगत रुचि हो।

रिकॉर्ड जारी करने के लिए सहमति

समान्य तौर पर, व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी अनधिकृत व्यक्तियों या एजेंसियों के लिए जारी करने से पहले आपकी सहमति की आवश्यकता होती है। सहमति लिखित रूप में होनी चाहिए और जानकारी प्राप्त करने वाले अधिकृत व्यक्तियों या एजेंसियों को निर्दिष्ट करना होगाः जानकारी के स्वरूप का खुलासा किया जाना चाहिए; जिस उद्देश्य के लिए जानकारी का उपयोग किया जाना है; और प्राधिकरण के लिए एक उचित समय समाप्ति तिथि सूचना जारी की जानी चाहिए। आपके अनुरोध पर, जिले को आपकी सहमति देने के बाद में रिकॉर्ड के प्रकटीकरण की प्रति आपको प्रदान करनी होगी।

जिला आपके बच्चे की IEP/IIIP जानकारी में, निदान और उपचार की जानकारी सहित, आपके हस्ताक्षर किए दिनांकित सहमति के बिना एक स्वास्थ्य योजना कंपनी को निहित जानकारी का खुलासा नहीं कर सकता है।

रिकॉर्ड ढूँढने, पुनर्प्राप्त करने और इसकी प्रतिलिपि बनाने का शुल्क

जिला रिकॉर्ड खोजने या पुनर्प्राप्त करने के लिए शुल्क नहीं ले सकता है। हालांकि, अगर आप प्रतियों का अनुरोध करते हैं, तो जिला प्रतियों के लिए उचित शुल्क ले सकता है, अगर आप शुल्क चार्ज का भुगतान करने में असमर्थ हैं, तो शिक्षा रिकॉर्ड के निरीक्षण और समीक्षा करने के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

माता-पिता के अनुरोध पर रिकॉर्ड में संशोधन

अगर आपको यह लगता है कि आपके बच्चे के रिकॉर्ड में जानकारी गलत, भ्रामक, अधूरी या आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन कर रही है, तो आप जिले को जानकारी में संशोधन करने या हटाने के लिए लिखित रूप से अनुरोध कर सकते हैं।

जिला को उचित समय में यह सुनिश्चित करना है कि वे संशोधन करेंगे या नहीं। अगर जिला यह निर्णय करता है कि जानकारी में संशोधन नहीं किया जाएगा, तो आपको जिले के निर्णय को चुनौती देने के लिए एक सुनवाई करने का अधिकार है और जिले को यह आपको सूचित करना होगा। अगर सुनवाई में जिला यह निर्णय लेता है कि सूचना गलत, भ्रामक, अधूरी या आपके बच्चे की गोपनीयता या अन्य अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर रही है, तो आपको अपने बच्चे की शिक्षा के रिकॉर्ड में चुनौती की जानकारी के साथ अपनी टिप्पणी और असहमति के एक बयान को भी शामिल करने का अधिकार है, जिसके लिए जिला को आपको सूचित करना होगा। शिक्षा रिकॉर्ड में जानकारी की चुनौती देने के लिए एक सुनवाई FERPA के तहत सुनवाई की प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाना चाहिए।

रिकॉर्ड का स्थानांतरण

मिनेसोटा अधिनियमों के अनुसार, एक जिला, एक चार्टर स्कूल, या एक गैर-सरकारी स्कूल अनुशासनात्मक रिकॉर्ड सहित एक विद्यार्थी का शैक्षिक रिकॉर्ड, अनुरोध के 10 व्यावसायिक दिनों के भीतर उस स्कूल के पास से स्थानांतरित करे, जिसमें विद्यार्थी ने दाखिला लिया है।

रिकॉर्ड को नष्ट करना

जिले को आपको सूचित करना होगा कि व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी की आपके बच्चे को शिक्षा सेवाएं प्रदान करने के लिए अब जरूरत नहीं रह गई है। जानकारी आपके अनुरोध पर ही नष्ट की जानी चाहिए। हालांकि, स्कूल आपके बच्चे का पूरा नाम, पता, फोन नंबर, ग्रेड, उपस्थिति रिकॉर्ड, जिन कक्षाओं में भाग लिया, पूरे ग्रेड का स्तर और जिस वर्ष में पूरा किया है, उन सभी का एक स्थायी रिकॉर्ड रख सकता है।

संघीय कानून के तहत, नष्ट करने का मतलब व्यक्तिगत रूप से पहचाने जाने योग्य जानकारी को भौतिक रूप से हटाने को कहते हैं ताकि व्यक्तिगत रूप से उसकी पहचान कभी नहीं हो सके। इस प्रकार, विशेष शिक्षा संबंधित रिकॉर्ड को नष्ट करने के लिए आपके अनुरोध के साथ, विद्यार्थी के रिकॉर्ड को भौतिक रूप से नष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। विद्यार्थी के रिकॉर्ड से व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी को हटाने के साथ ही जिला उचित रूप से इस आवश्यकता को पूरा कर सकता है। नष्ट विधि का चुनाव आमतौर पर जिला स्कूल पर निर्भर करता है।

अगर रिकॉर्ड के निरीक्षण और समीक्षा के लिए एक अनुरोध लंबित है, तो उस स्थिति में जिला किसी भी शिक्षा के रिकॉर्ड को नष्ट नहीं करेगा।

रिकॉर्ड नष्ट करने के आपके अनुरोध के बावजूद जिला, सामान्य शिक्षा प्रावधान अधिनियम (GEPA) का पालन करने के लिए कुछ आवश्यक रिकॉर्ड रख सकता है, जिनको उस निधि के प्रयोग से संबंधित संघीय निधि के प्राप्तकर्ताओं के रिकॉर्ड रखने की जरूरत है। आपको भविष्य में प्रलेखन के लिए, जैसे कि SSI का लाभ लेने के लिए आवेदन करना, अपने बच्चे से संबंधित विशेष शिक्षा के रिकॉर्ड को बरकरार रख सकता है।

मध्यस्थता

मध्यस्थता विवादों को हल करने में मदद करने के लिए एक स्वतंत्र, स्वैच्छिक प्रक्रिया है। आप या आपका जिला शिक्षा के विशेष शिक्षा वैकल्पिक विवाद समाधान कार्यक्रम के मिनेसोटा विभाग से 651-582-8222 या 1-866-466-7367 पर मुक्त मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं। मध्यस्थता विवाद समाधान की तकनीक में प्रशिक्षित एक तटस्थ तीसरे पक्ष का उपयोग करता है। मध्यस्थता को एक कारण प्रक्रिया सुनवाई करने के आपके अधिकार से इंकार या देरी करने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता है। आपको और जिले के कर्मचारी दोनों को एक मध्यस्थ के आवंटन से पहले मध्यस्थता के प्रयास के लिए सहमत होना होगा। मध्यस्थता के दौरान किसी भी समय, आप या जिला मध्यस्थता का समापन कर सकते हैं।

अगर आप और जिला सभी विवाद या इसके एक हिस्से को हल करने के लिए एक अन्य प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए सहमत होते हैं, तो मध्यस्थ यह सुनिश्चित करेगा कि संकल्प या समझौते लिखित रूप में हैं और आपके एवं जिले दोनों के हस्ताक्षर हुए हैं और दस्तावेज़ की प्रतिलिपि दोनों दलों को प्राप्त हुई है। लिखित संकल्प या समझौते के अनुसार मध्यस्थता के दौरान हुई सभी चर्चाएं गोपनीय हैं और किसी भी सुनवाई या सिविल कार्यवाही में उसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। संकल्प या समझौते आप और जिला दोनों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है और जिला एवं राज्य और संघीय जिला अदालत में लागू करने योग्य है। आप या जिला मध्यस्थता समझौते को लागू करने पर एक विवाद को हल करने के लिए एक और मध्यस्थता का अनुरोध कर सकते हैं।

लिखित शिकायत दर्ज कराना

कोई भी संगठन या व्यक्ति मिनेसोटा के शिक्षा विभाग (MDE) के पास शिकायत दर्ज करा सकता है। MDE को भेजी जाने वाली शिकायतों में निम्नलिखित का होना आवश्यक है:

1. वह लिखित रूप में हो और शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति या संगठन द्वारा उस पर हस्ताक्षर किया गया हो;

2. राज्य या संघीय विशेष शिक्षा कानून या नियम के उल्लंघन का आरोप लगाया जाए;

3. उन तथ्यों का उल्लेख करें, जिन पर आरोप आधारित है;

4. शिकायत करने वाले व्यक्ति या संगठन का नाम, पता और टेलीफोन नंबर शामिल करें;

5. बच्चे का नाम और आवास का पता और उस स्कूल का नाम, जिसमें बच्चा पढ़ रहा है;

6. समस्या से संबंधित तथ्यों सहित; बच्चे की समस्या के स्वरूप का वर्णन;

7. शिकायत दर्ज कराते समय, पक्ष की जानकारी और उसके पास उपलब्ध हद तक समस्या का एक प्रस्तावित समाधान, और

8. MDE को शिकायत भेजी जाने के समय ही उसे उस सार्वजनिक एजेंसी को भी अग्रसारित किया जाना चाहिए जो बच्चे को सेवाएं प्रदान कर रही है।

शिकायत अनिवार्य रूप से निम्नलिखित को भेजी जानी चाहिए:

मिनेसोटा शिक्षा विभाग (Minnesota Department Education)
अनुपालन व सहायता प्रभाग (Division of Compliance and Assistance)
उपयुक्त प्रक्रिया पर्यवेक्षक (Due Process Supervisor)
1500 West Highway 36
Roseville, MN 55113-4266
फोनः 651.582.8689 4 13 Procedural Safeguards Part B-
फैक्सः 651.582.8725

शिकायत कथित उल्लंघन होने के बाद एक वर्ष के अंदर MDE द्वारा प्राप्त की जानी चाहिए। यदि ऐसी असामान्य परिस्थितियां न उत्पन्न हो जाएं जिनमें एक लंबे समय की आवश्यकता है अथवा आप या जिला मध्यस्थता में भाग लेने के लिए समय का विस्तार करने के लिए सहमत न हो जाएं तो MDE, 60 दिनों के भीतर एक लिखित निर्णय जारी करेगा। अंतिम निर्णय की नोटिस मिलने के 60 दिनों के भीतर आप (माता-पिता) या स्कूल जिला जो वास्तव में आहत हुआ हो, मिनेसोटा अपील कोर्ट से शिकायत के अंतिम निर्णय के लिए अपील कर सकता है।

नमूना प्रपत्र

MDE ने ऐसे नमूना प्रपत्र विकसित किए हैं जिनका उपयोग विशेष शिक्षा या आवश्यक प्रक्रिया शिकायतों को दायर करने के लिए किया जा सकता है। इन प्रपत्रों की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन शिकायत दायर करते समय उपयोग करने के लिए ये एक संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं। ये प्रपत्र MDE की वेबसाइटः MDE > School Support > Compliance and Assistance> Due Process Forms पर उपलब्ध हैं।

निष्पक्ष उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई

आपको या एजेंसी को उन आरोपित कार्रवाइयों के बारे में जो उपयुक्त शिकायत प्रक्रिया का आधार बनाती हैं, पता चलने की तारीख से दो साल के भीतर आप और जिला दोनों को लिखित रूप से एक निष्पक्ष उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने का अधिकार है।

एक बच्चे के मूल्यांकन, IEP, शैक्षिक नियोजन के प्रस्ताव या इंकार या आरंभ या परिवर्तन करने के संबंध में या FAPE प्रदान करने के संबंध में एक उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध किया जा सकता है।

एक उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई आपके बच्चे के लिए एक स्वतंत्र और उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा की पहचान, मूल्यांकन, शैक्षिक नियोजन, अभिव्यक्ति निर्धारण या प्रावधान से संबंधित किसी भी मामले को संबोधित कर सकती है। आपको उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत का नोटिस मिलने के 15 दिनों के भीतर, और उपयुक्त प्रक्रिया की सुनवाई के पहले, स्कूल जिला को आपके और IEP टीम के संबंधित सदस्यों के साथ, जिन्हें कथित तौर पर उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत में तथ्यों का ज्ञान है, एक समाधान बैठक की व्यवस्था करनी चाहिए।

इस बैठक का उद्देश्य आपके लिए उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत और उन तथ्यों पर चर्चा करना है, जो उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत का आधार बनते हैं, जिससे स्कूल जिले को उस विवाद को हल करने का अवसर मिल सके, जो उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत का आधार है।

यदि आप और स्कूल जिला लिखित रूप में बैठक को न करने या मध्यस्थता करने के लिए सहमत हैं, तो समाधान बैठक आयोजित करने की जरूरत नहीं है। अगर जिला उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने वाला पक्ष है, तब भी समाधान बैठक आयोजित करने की आवश्यकता नहीं है।

अगर उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर मामले का हल नहीं होता, तो सुनवाई की समय-सीमा शुरू हो जाती है।

अगर स्कूल जिला उचित प्रयास करने के बाद भी समाधान बैठक या मध्यस्थता में आपकी भागीदारी प्राप्त करने में असमर्थ रहता है और स्कूल जिला लिखित रूप से उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत को छोड़ने के लिए सहमत नहीं है, तो स्कूल जिला 30 दिनों की अवधि के समापन पर यह अनुरोध कर सकता है कि एक सुनवाई अधिकारी आपकी उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई को खारिज कर दे।

उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई का अधिकार खो देना

ध्यान रखें: अपील की 8वीं सर्किट कोर्ट द्वारा राज्य के कानून की व्याख्या की वजह से, अगर आपका बच्चा स्कूल जिला बदलता है और आप अपने बच्चे को एक नए जिले में दाखिल करने से पहले एक उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध नहीं करते, तो आप पिछले जिले में उत्पन्न हुए किसी भी विशेष शिक्षा के मुद्दों के बारे में उपयुक्त सुनवाई की प्रक्रिया आरंभ करने का अधिकार खो सकते हैं। फिर भी आपके पास नए जिले में उत्पन्न हो सकने वाले किसी भी विशेष शिक्षा के मुद्दों के बारे में उपयुक्त सुनवाई की प्रक्रिया आरंभ करने का अधिकार रहता है।

उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई की शुरूआत के लिए प्रक्रिया

एक सुनवाई के लिए लिखित अनुरोध पर, जिले के लिए आपको इस प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय नोटिस की एक प्रति और सुनवाई पर अपने अधिकारों की एक प्रति देना आवश्यक है। यदि आप या जिला सुनवाई का अनुरोध करते हैं, तो दूसरे पक्ष को अनुरोध की एक प्रति प्रदान करना और विभाग को अनुरोध प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। एक बार अनुरोध प्राप्त करने के बाद, विभाग द्वारा आपको प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के नोटिस की एक प्रति देना आवश्यक होगा। सभी लिखित अनुरोधों में इन्हें शामिल करना चाहिए:

1. आपके बच्चे का नाम;

2. आपके बच्चे का पता;

3. आपका बच्चा जिस स्कूल में जा रहा है उसका नाम;

4. तथ्यों के अपने दृष्टिकोण सहित समस्या(ओं) का वर्णन, और

5. उस समय तक ज्ञात और आपके लिए उपलब्ध हद तक समस्या का एक प्रस्तावित समाधान।

MDE सुनवाई के योग्य अधिकारियों की एक सूची रखता है। सुनवाई के लिए एक लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर, MDE सुनवाई का संचालन करने के लिए उस सूची में से एक सुनवाई अधिकारी नियुक्त करेगा। नीचे सुनवाई के लिए आपके कुछ अधिकार दिए गए हैं। यह अधिकारों की एक संपूर्ण सूची नहीं है।

आप और जिला दोनों को निम्नलिखित का अधिकार है:

1. वकील और विकलांग बच्चों की समस्याओं के संबंध में विशेष ज्ञान या प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों द्वारा सलाह दिए जाने और उन्हें साथ रखने का;

2. सबूत पेश करने और सामना, जिरह करने तथा गवाहों को उपस्थित रहने के लिए बाध्य करने का;

3. मूल्यांकन डेटा और उस डेटा के आधार पर की गई सिफारिशों सहित, सुनवाई में ऐसे किसी भी सबूत को शामिल करने से निषेध, जिसका सुनवाई से कम से कम पांच कार्यदिवस पहले खुलासा नहीं किया गया है; और

4. सुनवाई प्रतिलिपि या तथ्य और निर्णय के निष्कर्षों की इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग की एक निःशुल्क प्रतिलिपि प्राप्त करने का।

विशेष रूप से, एक अभिभावक के रूप में, आपको, इनका अधिकार है:

1. अपने बच्चे को, जो सुनवाई का विषय है, उपस्थित रखने का;

2. सुनवाई को जनता के लिए खोलने का; और

3. सुनवाई का रिकॉर्ड या प्रतिलिपि और सुनवाई अधिकारी के तथ्यों का पता लगाने, कानून के निष्कर्षों, और निर्णयों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने का।

सुनवाई के अनुरोध का जवाब देना

अगर आप एक सुनवाई का अनुरोध दर्ज कराते हैं और आपको जिले से सुनवाई के अनुरोध के विषय के बारे में एक पूर्व लिखित नोटिस पहले से प्राप्त नहीं हुआ है, तो जिले को सुनवाई का अनुरोध प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर आपको एक लिखित विवरण भेजना होगा कि जिले ने सुनवाई के अनुरोध में उठाई गई कार्रवाई करने से इंकार क्यों किया। इस विवरण में IEP टीम द्वारा विचार किए गए अन्य विकल्पों का एक विवरण, उन विकल्पों को क्यों खारिज कर दिया गया, प्रत्येक मूल्यांकन प्रक्रिया, मूल्यांकन, रिकॉर्ड का वर्णन या रिपोर्ट जिसे जिले ने प्रस्तावित या अस्वीकृत कार्रवाई के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल किया हो, और एक जिले के प्रस्ताव या इंकार के निर्णय के लिए प्रासंगिक कारकों का विवरण शामिल होना अनिवार्य है।

जिला यह दावा कर सकता है कि सुनवाई अनुरोध राज्य के कानून के तहत आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। जब तक अनुरोध प्राप्त करने वाला पक्ष अनुरोध प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर लिखित में सुनवाई अधिकारी को सूचित नहीं करता है कि उनका मानना है कि वह अनुरोध सांविधिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता, तब तक सुनवाई का अनुरोध पर्याप्त माना जाता है। सुनवाई अधिकारी को अनुरोध प्राप्त होने के 5 दिनों के भीतर यह निर्धारित करना होगा कि सुनवाई का अनुरोध सांविधिक आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं और इसके बारे में पक्षों को सूचित करना आवश्यक होगा।

आपसे सुनवाई का अनुरोध प्राप्त करने पर, जिले को अनुरोध प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर आपको एक लिखित जवाब भेजना होगा जो सुनवाई के अनुरोध में उठाए गए मुद्दों को संबोधित करता हो।

सुनवाई से पहले अतिरिक्त साक्ष्य का प्रकटीकरण

आयुक्त द्वारा एक सुनवाई अधिकारी नियुक्त करने की तारीख से 5 व्यावसायिक दिनों के भीतर एक पूर्व सुनवाई बैठक (वार्तालाप) आयोजित किया जाना आवश्यक है। यह वार्तालाप जिले के भीतर किसी स्थान पर व्यक्तिगत रूप में या टेलीफोन

द्वारा, आयोजित किया जा सकता है। एक सुनवाई से कम से कम 5 व्यावसायिक दिवस पहले, आप और जिले को उस दिन तक पूरे किए गए आपके बच्चे के सभी मूल्यांकनों और उन मूल्यांकनों पर आधारित सिफारिशों का, जिनका सुनवाई में इस्तेमाल करने का इरादा कर रहे हैं, एक दूसरे से खुलासा करना चाहिए। एक सुनवाई अधिकारी दूसरे पक्ष की सहमति के बिना सुनवाई में किसी अज्ञात मूल्यांकन या सिफारिशों को लागू करने की अनुमति देने से मना कर सकता है।

सुनवाई का निर्णय

राज्य एजेंसी द्वारा उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत प्राप्त किये जाने के बाद 30 दिन की समाधान अवधि की समाप्ति पर, 45 कैलेंडर दिनों या एक उचित विस्तारित अवधि के भीतर एक सुनवाई निर्णय जारी किया जाना और उसे प्रत्येक पक्ष को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। रिकॉर्ड पर दर्शाये गए उचित कारण के लिए किसी भी पक्ष द्वारा अनुरोध करने पर एक सुनवाई अधिकारी अवधि को 45 दिनों से अधिक समय के लिए बढ़ा सकता है। एक सुनवाई अधिकारी को सुनवाई में मौखिक तर्क को आप और आपके बच्चे के लिए यथोचित सुविधाजनक समय और स्थान पर आयोजित करना चाहिए। आपके बच्चे ने FAPE प्राप्त किया है या नहीं इस पर एक सुनवाई अधिकारी का निर्णय उन सबूतों और तर्कों पर आधारित होना चाहिए जो FAPE से सीधे संबंधित हैं। जब तक आप या जिले के द्वारा एक सिविल कार्रवाई दायर न की जाए तब तक सुनवाई का निर्णय अंतिम होगा। एक सुनवाई अधिकारी को लिपिक और गणितीय त्रुटियों को छोड़कर किसी निर्णय में संशोधन करने का अधिकार नहीं है।

उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई के लिए अलग से अनुरोध

पहले से दायर एक उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत से अलग किसी मुद्दे पर आपको एक अलग उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत दर्ज करने का अधिकार है।

शिकायत और सुनवाई डेटाबेस

विशेष शिक्षा शिकायतों व उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई पर अंतिम निर्णय MDE वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध हैं। MDE एक सार्वजनिक डेटाबेस रखता है जिसे शिकायतें, सुनवाईयां, और पत्र खोज इंजन कहा जाता है। डेटाबेस में उपलब्ध निर्णय संपादित किए जाते हैं और व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य सभी जानकारियों को निकाल दिया जाता है। यह डेटाबेस MDE वेबसाइट पर अनुपालन व सहायता वेबपेजः http://w20.education.state.mn.us/WebsiteContent/ComplianceSearch.jsp पर उपलब्ध है।

सिविल कार्रवाई

जब आप या जिले में से कोई एक सुनवाई अधिकारी द्वारा किए गए निष्कर्ष या फैसले से सहमत न हो, तब कोई भी पक्ष एक अदालती कार्रवाई दर्ज करा सकता है। कार्रवाई संघीय जिला अदालत या राज्य की अपील अदालत में लाई जा सकती है। प्रत्येक अदालत में समीक्षा के अलग-अलग मानदंड लागू होते हैं। राज्य अदालत में अपील आपको निर्णय प्राप्त होने की तारीख से 60 कैलेंडर दिनों के भीतर की जानी चाहिए। संघीय जिला अदालत में अपील निर्णय की तिथि से 90 दिनों के भीतर की जानी चाहिए।

सुनवाई या सिविल कार्रवाई के दौरान नियोजन

जब तक आप और जिला अन्यथा सहमत न हों, तब तक एक सुनवाई या अदालत की कार्रवाई के दौरान, आपका बच्चा उसी शैक्षिक नियोजन में रहेगा जहां उसे वर्तमान में रखा गया है और उसे स्कूल में प्रारंभिक प्रवेश से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। आमतौर पर इसे "स्टे-पुट" नियम के रूप में जाना जाता है।

"स्टे-पुट" नियम के दो अपवाद मौजूद हैं:

1. किसी हथियार, दवा या गंभीर शारीरिक चोट के उल्लंघन के लिए एक अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा नियोजन के तहत छात्रों को 45 से अनाधिक स्कूल दिवसों के लिए उनकी शैक्षिक व्यवस्था से हटाया जा सकता है, और

2. आपके साथ सहमत होने वाले एक सुनवाई अधिकारी के निर्णय करने पर कि बाद की अपीलों के दौरान "स्टे-पुट" स्थान के रूप में नियोजन में बदलाव उचित है।

शीघ्र सुनवाई

आप (माता-पिता) या जिला निम्नलिखित स्थितियों में एक शीघ्र सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं:

1. जब भी आप अपने बच्चे की पहचान, मूल्यांकन या शैक्षिक नियोजन को आरंभ करने या बदलने के लिए जिले के प्रस्ताव पर या अपने बच्चे के लिए जिले के FAPE के प्रावधान पर विवाद करते हैं;

2. जब भी आप अपने बच्चे की पहचान, मूल्यांकन या शैक्षिक नियोजन को आरंभ करने या बदलने के लिए जिले के इंकार पर या अपने बच्चे के लिए जिले के FAPE के प्रावधान पर विवाद करते हैं;

3. जब भी आप अभिव्यक्ति संकल्प पर विवाद करते हैं; और

4. जब जिले का मानना हो कि आपके बच्चे के मौजूदा नियोजन को बनाए रखने से बच्चे या दूसरों को आघात पहुंचने की काफी संभावना है।

आप या स्कूल जिला ऊपर वर्णित अनुसार एक शीघ्र उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई के लिए लिखित अनुरोध दायर कर सकते हैं।

शीघ्र सुनवाई के लिए समय-सीमा

शीघ्र सुनवाई को सुनवाई अनुरोध दायर होने की तिथि के 20 स्कूल दिवस के अंदर आयोजित किया जाना चाहिए। सुनवाई अधिकारी को सुनवाई के बाद 10 स्कूली दिवसों के भीतर एक निर्णय जारी करना होगा। जब तक आप और जिला स्कूल समाधान बैठक न कराने या मध्यस्थता की प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए लिखित रूप में सहमत न हों तब तक सुनवाई का अनुरोध प्राप्त करने के 7 दिनों के भीतर एक समाधान बैठक आयोजित की जानी चाहिए। अनुरोध प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर दोनों पक्षों की संतुष्टि के लिए मामले को हल न कर दिया गया हो, तो शीघ्र उपयुक्त प्रक्रिया सुनवाई आगे बढ़ सकती है।

शिकायत को खारिज करना

अगर जिला स्कूल उचित प्रयास किए जाने के बावजूद समाधान बैठक या मध्यस्थता में आपकी भागीदारी प्राप्त करने में असमर्थ रहता है और जिला स्कूल लिखित रूप से बैठक न करने के लिए सहमत नहीं है, तो जिला स्कूल 30 दिनों की अवधि के समापन पर अनुरोध कर सकता है कि एक सुनवाई अधिकारी आपकी उपयुक्त प्रक्रिया शिकायत को खारिज कर दे।

एक सुनवाई अधिकारी द्वारा नियोजन

अगर एक सुनवाई अधिकारी यह निर्णय लेता है कि आपका बच्चा अपने वर्तमान नियोजन में रहता है, तो उसे खुद को या दूसरों को घायल करने की पर्याप्त संभावना है तो सुनवाई अधिकारी आपके बच्चे को 45 स्कूल दिवसों तक के लिए एक अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा नियोजन में ले जाने का फैसला कर सकता है।

निर्णय पर अपील करने का अधिकार

आप या जिला को एक शीघ्र उपयुक्त प्रक्रिया की सुनवाई में सुनवाई अधिकारी के निर्णय के खिलाफ अपील कर सकते हैं।

अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा नियोजन

जिला 45 स्कूल दिवसों के लिए आपके बच्चे के शैक्षिक नियोजन को बदल सकता है, अगर आपका बच्चा:

1. स्कूल में, स्कूल परिसर में या संघीय कानून में परिभाषित अनुसार स्कूल जिला या MDE के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एक स्कूल समारोह में कोई खतरनाक हथियार लाता है या स्कूल में कोई खतरनाक हथियार अपने पास रखता है;

2. जान-बूझकर अवैध दवाओं (ड्रग्स) को रखता है या उपयोग करता है या स्कूल में, स्कूल परिसर में, या जिला स्कूल या MDE के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एक स्कूल समारोह में एक नियंत्रित पदार्थ बेचता है या बिक्री को उकसाता है। इसमें शराब या तम्बाकू शामिल नहीं है; या

3. स्कूल में, स्कूल परिसर में या संघीय कानून में परिभाषित अनुसार स्कूल जिला या MDE के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एक स्कूल समारोह में किसी व्यक्ति पर गंभीर शारीरिक आघात करता है।

उस तारीख पर जब जिला आपके बच्चे को हटाने का फैसला करता है और यह बदलाव विद्यार्थी आचार संहिता के उल्लंघन की वजह से एक विकलांगता युक्त बच्चे के नियोजन में बदलाव है, तो स्कूल जिला इस निर्णय के बारे में आपको सूचित करेगा, और आपको प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों पर नोटिस प्रदान करेगा।

IEP/IIIP टीम अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा नियोजन और उचित विशेष शिक्षा सेवाओं को निर्धारित करती है। हालांकि यह एक अस्थायी परिवर्तन है, आपके बच्चे को इसकी अनुमति मिलनी चाहिए:

1. सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम और आपके बच्चे की IEP में निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में प्रगति में भाग लेना जारी रखना, हालांकि एक अलग सेटिंग में; और

2. व्यवहार के पुनः होने से रोकने के लिए निर्मित सेवाएं और संशोधन शामिल हैं।

अगर आपके बच्चे को एक अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा नियोजन में रखा जाता है, तो निर्णय के 10 स्कूल दिवसों के भीतर एक IEP/IIIP बैठक बुलाई जानी चाहिए। इस बैठक में, टीम व्यवहार और आपके बच्चे की विकलांगता से इसके संबंधों पर चर्चा करेगी। टीम को आपके बच्चे के व्यवहार के बारे में मूल्यांकन जानकारी की समीक्षा करनी चाहिए और आपके बच्चे के व्यवहार और IEP/IIIP और व्यवहार योजना के औचित्य का निर्धारण करना चाहिए। इसके बाद टीम निर्धारित करती है कि क्या आपके बच्चे के आचरण का उसकी विकलांगता से सीधे संबंध था, या आपके बच्चे का आचरण IEP लागू करने में जिला स्कूल की विफलता का सीधा परिणाम था।

सुनवाई के लिए वकील की फीस

यदि आप एक उपयुक्त प्रक्रिया की सुनवाई में जीतते हैं तो आप वकील की फीस वसूल करने में सक्षम हो सकते हैं। एक जज आपके समुदाय में प्रचलित दरों के आधार पर वकील की फीस देने की व्यवस्था कर सकता है। अगर अदालत को पता चलता है कि आपने मामले में निपटान या निर्णय में अनुचित रूप से देर की है, तो वह वकील की फीस दिए जाने को कम कर सकती है। अगर जिला जीतता है और अदालत इस बात से सहमत है कि आपके द्वारा सुनवाई के लिए किया गया अनुरोध किसी अनुचित उद्देश्य के लिए किया गया था, तो आपको जिले के वकील की फीस का भुगतान करना पड़ सकता है।

विकलांगता युक्त विद्यार्थियों का बहिष्कार और निष्कासन

विकलांगता युक्त आपके बच्चे को निष्कासित या स्कूल से बाहर किए जाने से पहले, एक अभिव्यक्ति संकल्प आयोजित किया जाना चाहिए। अगर आपके बच्चे का दुर्व्यवहार उसकी विकलांगता से संबंधित है, तो आपके बच्चे को निष्कासित नहीं किया जा सकता।

जब एक विकलांगता युक्त बच्चे को, बच्चे के किसी ऐसे दुर्व्यवहार के लिए जो विकलांगता की अभिव्यक्ति नहीं है, विद्यार्थी उपयुक्त बर्खास्तगी कानून, मिनेसोटा अधिनियम की अनुच्छेद 121A.41-56 के तहत बाहर निकाला या निष्कासित कर दिया गया हो, तो जिला निलंबन की लगाई गई अवधि के बाद की अवधि में विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं को उपलब्ध कराना जारी रखेगा।

अनुशासनात्मक निष्कासन

अगर एक विकलांगता युक्त बच्चे को उसके मौजूदा शैक्षिक स्थान से हटा दिया जाता है, तो निम्नलिखित के होने पर इसे नियोजन में एक बदलाव माना जाता है:

1. निष्कासन लगातार 10 से अधिक स्कूल दिवसों के लिए है; या

2. आपके बच्चे को निष्कासन की एक श्रृंखला के अधीन कर दिया गया है, जो एक नमूने का गठन करती है क्योंकि:

    a. निष्कासन की श्रृंखला में एक साल में कुल 10 से अधिक स्कूल दिवस हैं;

    b. आपके बच्चे का व्यवहार काफी हद तक उन पिछली घटनाओं में आपके बच्चे के व्यवहार के समान है, जिसका परिणाम निष्कासन की श्रृंखला रही है, और

    c. निष्कासन की प्रत्येक अवधि, अपने बच्चे को निष्कासित किए जाने के समय की कुल राशि, और निष्कासनों की एक दूसरे से निकटता जैसे अतिरिक्त कारक।

इस बात का निर्धारण जिले द्वारा किया जाता है कि क्या निष्कासनों का यह नमूना नियोजन में परिवर्तन का कारण बनता है। अगर इस निर्णय को चुनौती दी जाती है, तो यह उपयुक्त प्रक्रिया और न्यायिक कार्यवाही के माध्यम से समीक्षा के अधीन है।

विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र निर्धारित न होने वाले बच्चे

अगर आपका बच्चा विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्र निर्धारित नहीं किया जाता और विद्यार्थी आचार संहिता का उल्लंघन करता है, और जिला स्कूल को आपके बच्चे द्वारा अनुशासन का उल्लंघन किए जाने के पहले से पता था कि आपका बच्चा एक विकलांग बच्चा था, तो आपका बच्चा इस नोटिस में वर्णित सुरक्षा का उपयोग कर सकता है।

एक जिले को पहले से इस बात का ज्ञान होना समझा जाता है कि आपका बच्चा एक विकलांग बच्चा है, अगर वह व्यवहार, जिसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई हो, से पहले:

1. आपने जिले के पर्यवेक्षी या प्रशासनिक कर्मियों से या अपने बच्चे के शिक्षक से लिखित रूप में यह चिंता व्यक्त की है आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की जरूरत है;

2. आपने IDEA के भाग B के तहत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए पात्रता से संबंधित एक मूल्यांकन का अनुरोध किया हो; या

3. आपके बच्चे के शिक्षक या अन्य जिला कर्मियों ने सीधे जिले के विशेष शिक्षा निदेशक या जिले के अन्य पर्यवेक्षी कर्मियों से आपके बच्चे द्वारा प्रदर्शित व्यवहार का एक नमूने के बारे में विशेष चिंता व्यक्त की हो।

जिले के ज्ञान के अपवाद

एक जिले को इस तरह का ज्ञान होना नहीं समझा जाएगा अगर:

1. आपने पहले अपने बच्चे के मूल्यांकन के लिए सहमति से इंकार कर दिया है या आपने पहले से विशेष शिक्षा सेवाओं से इंकार कर दिया है; या

2. आपके बच्चे को पहले ही IDEA के भाग B के लिए मूल्यांकित किया गया है और यह निर्धारित किया गया है कि वह विकलांग बच्चा नहीं है।

यदि ज्ञान का कोई आधार नहीं है तो लागू होने वाली शर्तें

अगर आपके बच्चे के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाने से पहले एक जिले के पास इस बात का ज्ञान नहीं है कि आपका बच्चा एक विकलांग बच्चा है, तो आपके बच्चे को उसी तरह के अनुशासनात्मक परिणामों के अधीन किया जा सकता है जो इस तरह के कार्यों में संलग्न उन बच्चों के लिए लागू किया जाता है, जो विकलांग न हों।

अगर उस दौरान, जब आपका बच्चा एक अनुशासनात्मक तरीकों के अधीन है, आपके बच्चे के मूल्यांकन के लिए अनुरोध किया जाता है, तो मूल्यांकन एक शीघ्रता युक्त तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए। जब तक मूल्यांकन पूरा नहीं हो जाता, आपका बच्चा जिले द्वारा निर्धारित शैक्षिक नियोजन में रहेगा, जिसमें शैक्षिक सेवाओं के बिना निलंबन या निष्कासन शामिल हो सकता है। मिनेसोटा में, निलंबन के छठे दिन से नियमित विशेष शिक्षा सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और वैकल्पिक शिक्षा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

कानून प्रवर्तन और न्यायिक अधिकारियों द्वारा कार्रवाई और परामर्श

एक जिला उपयुक्त अधिकारियों से एक विकलांगता युक्त बच्चे द्वारा किए गए अपराधों की रिपोर्ट कर सकता है और राज्य के कानून लागू करने वाले और न्यायिक अधिकारी संबंधित कानून के तहत अपनी जिम्मेदारियों का प्रयोग कर सकते हैं।

रिकॉर्ड का पारेषण

अगर एक जिला एक विकलांगता युक्त बच्चे द्वारा किए गए किसी अपराध की रिपोर्ट करता है, तो जिले को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपयुक्त अधिकारियों को, जिन्हें अपराध विचार के लिए सूचना दी गई है, बच्चे की विशेष शिक्षा और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड की प्रतियां प्रेषित की जा रही हैं। हालांकि, जिला केवल FERPA द्वारा अनुमत सीमा तक आपके बच्चे की विशेष शिक्षा और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड की प्रतियां प्रेषित कर सकता है।

निजी स्कूल में नियोजन

अगर जिले ने आपके बच्चे के लिए FAPE उपलब्ध कराया और आपने अपने बच्चे के लिए एक निजी स्कूल में नियोजन चुना है तो IDEA के लिए एक निजी स्कूल में, विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं सहित, आपके बच्चे को शिक्षित करने की लागत के लिए जिले द्वारा भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि अगर आपने जिले को एक समयानुकूल तरीके से सार्वजनिक खर्च पर

अपने बच्चे को एक निजी स्कूल में दाखिल करने की इच्छा के बारे में अवगत कराया है और एक सुनवाई अधिकारी को यह पता चलता है कि जिले ने आपके बच्चे के निजी स्कूल में दाखिल होने से पहले तुरंत आपके बच्चे के लिए FAPE उपलब्ध नहीं कराया है और निजी नियोजन उपयुक्त है, तो आप एक निजी स्कूल में नियोजन के लिए ट्यूशन खर्च वसूलने में सक्षम हो सकते हैं। आपको अपने बच्चे को पब्लिक स्कूल से हटाने से पहले IEP/IIIP की सबसे हाल की बैठक में या बच्चे को पब्लिक स्कूल से हटाने से कम से कम 10 व्यावसायिक दिनों से पहले जिले को लिखित नोटिस द्वारा सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे को एक निजी नियोजन में रखने की आपकी मंशा के बारे में सूचित करना चाहिए।

आपके नोटिस में इस बात का उल्लेख होना जाहिए कि आप जिले के प्रस्तावित IEP/IIIP या नियोजन से क्यों असहमत हैं। अगर एक सुनवाई अधिकारी या अदालत को पता चलता है कि जिला आपके बच्चे को उचित शिक्षा प्रदान करने में विफल रहा है और एक निजी नियोजन उचित है, तो आपको निजी नियोजन की लागत की प्रतिपूर्ति की जा सकती है। सार्वजनिक खर्च पर अपने बच्चे को एक निजी स्कूल में दाखिल करने के अपने इरादे के बारे में स्कूल को अवगत कराने में विफलता, जिले द्वारा आपके बच्चे का मूल्यांकन कराने के बारे में आपको सूचित करने के बाद अपने बच्चे को एक निजी स्कूल में दाखिल करने के पहले उसे मूल्यांकन के लिए उपलब्ध कराने में विफलता, या आपके द्वारा अन्य अनुचित देर का परिणाम निजी स्कूल के नियोजन के खर्च की प्रतिपूर्ति की कमी या इंकार हो सकता है।

एक सुनवाई अधिकारी प्रतिपूर्ति की लागत में कमी या प्रतिपूर्ति से इंकार नहीं कर सकता, अगर जिले ने आपको यह नोटिस उपलब्ध कराए जाने से रोका है; इस अनुच्छेद में ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार आपको अपनी जिम्मेदारियों का नोटिस प्राप्त नहीं हुआ था; या इसके बाद की आवश्यकताओं के अनुपालन से आपके बच्चे को शारीरिक नुकसान की संभावना रही हो और आप अंग्रेजी में लिख न पाने की वजह से आवश्यक सूचना प्रदान करने में विफल रहे हों अथवा इसके बाद की आवश्यकताओं के अनुपालन से आपके बच्चे को गंभीर भावनात्मक नुकसान पहुंचने की संभावना रही हो।